## खबर संक्षेप

### पुलिस की सुस्ती के कारण चोरों के हौसले बुलंद

**जयसिंहनगर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों में चोरी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी से आम नागरिकों में दहशत का माहौल है। बीते लगभग एक महीने के अन्दर अज्ञात चोरों के द्वारा कई मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया । इसी तरह से वार्ड क्रमांक 02 से विगत दिनों रजनीश पयासी के घर से चोरी हुई, जिसमें लाखों रुपए के जेवरात सहित नगद राशि चोरी हुई, लेकिन पुलिस चोरों को पकडऩे में नाकाम है। पुलिस प्रशासन की सुस्ती के कारण आज दिनांक तक किसी भी चोरी की घटना का पर्दाफाश करने या अज्ञात चोरों को गिरफ्तार करने में पुलिस असफल रही है । स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों में क्षेत्र में कई बार चोरी की वारदातें घाटित हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन को लेकर नाराजगी है। चर्चा है कि थाना क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार के कारण थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं घटित हो रही है, थाना क्षेत्र के अधिकांश युवा इन दिनों नशे की चपेट में है और इन युवाओं के पास कोई रोजगार या आय का साधन नहीं होने के कारण चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं और फिर अपने नशे की पूर्ति करते हैं, थाना क्षेत्र के अधिकांश जगहों में कई प्रकार की नशीली वस्तुओं की बिक्री सातवें आसमान पर है, नशे के आदि हो चुके लोगों के पास अपनी नशे की पूर्ति के लिए अन्य कोई रास्ता नजर नहीं आता है, जिससे वह चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं और फिर अपने नशे की पूर्ति करते हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश जल्द ही किया जाएगा।

### सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने बांटी चप्पलें

**शहडोल।** सीनियर सिटीजन एसोशिएशन द्वारा गर्मी के प्रचंड प्रताप को देखते हुए शनिवार को बीच बाजार में ग्रामीण पुरुषों-महिलाओं और बच्चों के लिए चप्पलों के वितरण का कार्यक्रम किया गया। लगभग 225 नग चप्पलों का वितरण किया गया। चप्पल बांटते समय बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था, नंगे पैर घर से आये लोगों को नई-नई चप्पल मिल गई। इस दौरान एम.एल. मंत्री, राधेश्याम शुक्ला, डॉ. जी.डी. सिंह, एस. के. सिंह परमार, राजकुमार सिंह, सुहाष वासुदेव, दीपक ढोडी, अनंत कुमार मोहंती, हरीश सलूजा, डॉ. गौरी शंकर, कमल मूंदड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल एवं सुरेन्द्र अग्रवाल उपस्थित हुए।

### कलेक्टर ने सविता की सुनी समस्या, निराकरण के दिए निर्देश



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के पाण्डवनगर निवासी सविता सोंधिया ने कलेक्टर कार्यालय के पहुंचकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि मेरे लडक़े का अभी तक जाति प्रमाण पत्र नही बना है, मेरे लडक़े का जाति प्रमाण पत्र बनवाया जाए। जिस पर संवेदनशील कलेक्टर ने सविता सोंधिया की समस्या सुनी तथा जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश संबंधित को दिए।

### युवाओं को दिया जा रहा खेल विधाओं का प्रशिक्षण



**शहडोल।** मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण युवाओं को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### नगर पालिका के दल ने नहीं लगाया तालाब की गंदगी को हाथ

# फोटो शूट कराने तक सिमटा तालाब सफाई का अभियान







**शहडोल।** प्राकृतिक जल स्त्रोंतों की सुरक्षा व भू जल स्तर को संतुलित रखने के लिए शासन 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित कर रहा है। इस अभियान में शासकीय व अशासकीय इकाइयों द्वारा साफ सफाई का कार्य श्रमदान से किया जाना सुनिश्चित किया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री के इस महती अभियान का पालन किस तरह किया जा रहा है इसका एक उदाहरण शनिवार को कान्वेट स्कूल के समीप स्थित तालाब में देखने को मिला, जहां नगरपालिका ने कार्य लगाया था। नगरपालिका के सफाई दल ने केवल कचरा उठाने का दृश्य बना कर फोटो शूट कराया और फिर गंदगी से बजबजाते तालाब को उसी हाल पर छोडक़र दल अन्यत्र के लिए कूच कर गया। नगरपालिका ने विधायक आवास के बगल में स्थित इस तालाब की सफाई का प्रचार प्रसार किया है, लेकिन अभियान की सच्चाई जानने के लिए जब कुछ मीडिया कर्मियों ने तालाब का अवलोकन किया तो तालाब की हालत ज्यों की त्यों मिली। नगरपालिका ने अभियान का भ्रामक प्रचार कर वाहवाही लूटने का प्रयास किया है। नगर के अंदर तालाबों व अन्य नदी नालों जैसे स्त्रोतो की सफाई का दायित्व उठाने वाली नगर पालिका का सफाई दल केवल फोटो खिंचवा कर झांसा दे रहा है।

### नहीं हो रही जलाशयों की सफाई

संभाग में 30 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलने वाले इस अभियान में अभी तक नगर के किसी तालाब की सफाई व मेढ़ बंधान का काम नहीं किया गया है। इस कार्य में न तो शासकीय अमला रुचि ले रहा है और न समाज सेवी संस्थाएं हाथ बटा रहीं हैं। यह अभियान केवल दिखावे और कोरम पूर्ति के लिए चलाया जा रहा है। पूर्व नपा अध्यक्ष प्रकाश जगवानी के घर के समीप स्थित



हेडगेवार तालाब की भी यही स्थिति है, इसमें ताला बंद रहता है। इस तालाब को पिकनिक स्पाट बनाकर विकसित किया गया था। ताकि सुबह शाम लोग यहां घूमने के लिए आंए और थोड़ी देर विश्राम कर योगाभ्यास आदि कर सकें। लेकिन जल्द ही यह तालाब उपेक्षित रहने के कारण गंदगी से भर गया और नगर पालिका ने इस ओर देखना भी बंद कर दिया। कम से कम अभी इस अभियान के समय तो खोला ही जा सकता है। लेकिन इस तालाब की किसी को याद भी नहीं आ रही है।

### गैस एजेंसी के पिछवाड़े तालाब बदहाल

नर्मदा गैस एजेंसी के पीछे स्थित तालाब शहर के बीचोबीच और भीड़ भरे इलाके में है लेकिन हालत यह है कि आज तक इस तालाब की सफाई नहीं कराई गई और शायद प्रशासन इस तालाब को तालाब मानता भी नहीं है। इस तालाब में चारो ओर से अतिक्रमण कर लिया गया है। बड़े बड़े असामियों और अफसरों के रिश्तेदारों ने इस तालाब को पाट कर अपना डेरा धर लिया है, अट्टलिकाएं तन गईं है, सारी गंदगी और अपशिष्ट पदार्थ इसमें फेंके जा रहे हैं। यही नहीं इस तालाब का अन्य लोगों ने भी दुरुपयोग किया है। जरूरत तो इस बात की है कि इस तालाब का सीमांकन करा कर इसका रकबा तालाशा जाए और इसकी सफाई कराकर इसकी घेरे बंदी कराई जाए। इस तालाब में बहुत अधिक प्रदूषण हो चुका है।

### मुडऩा की याद नहीं आ रही

जिले की एक मात्र मुडऩा नदी संभाग मुख्यालय से होकर बहती है, लेकिन इतनी उपेक्षित और बदहाल है कि इसका पानी तो दूषित हो ही चुका है इसकी धार भी टूट गई है। इसमें केवल शहरी नालियों का पानी बहाया जाकर इसे प्रदूषित किया जा रहा है। जल संवर्धन अभियान में भी नगरपालिका ने मुडऩा नदी को अपने अभियान में शामिल नहीं किया है। इसके ऐसे घाट जहां श्मशान हैं उन्हे चिन्हित कर उनकी सफाई घाट सुरक्षा, पौध रोपणी आदि का काम किया जासकता है। श्मशान घाट में पेड़ पौधों की कमी होती जा रही है, यहां नए पौधे




लगाए जाकर उनकी सुरक्षा की जा सकती है। मुडऩा की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जा सकता है। नदी को प्रदूषण से मुक्त कैसे करें इस योजना का शुभारंभ किया जाना अति आवश्यक है। लेकिन मुडऩा की ओर प्रशासन की भी नजर नहीं पड़ रही है। कुल मिलाकर जल संवर्धन अभियान खोखला साबित हो रहा है।

# डॉक्टर को पुलिस ने जमकर पीटा

### गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

**शहडोल।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर को सोहागपुर थाना के पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना शुक्रवार की आधी रात को 1.30 के बाद हुई है। डॉक्टर अपने घर के पास थे, इसी दौरान नाइट गस्त करते हुए सोहागपुर थाने के एएसआई सुभवंत चतुर्वेदी और प्रधान आरक्षक हरेंद्र सिंह वहां पहुंचे। डॉक्टर से पूछा कि इतनी रात को बाहर क्यों बैठे हो, इसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि पुलिसकर्मियों ने मिलकर डॉक्टर को जमकर पीट दिया। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी को पुलिसकर्मियों ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया है। घटना के दौरान डॉक्टर की पत्नी और पिता बचाव करने आ गए थे, लेकिन उनके सामने पुलिसकर्मी डॉक्टर की पिटाई करते रहे।

### थाना लाकर फिर पीटा

डॉक्टर द्विवेदी अपने घर के पास थे, घर के सामने ही सोहागपुर थाने के प्रधान आरक्षक हरेंद्र सिंह एवं एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी इस दौरान डॉक्टर से पूछताछ करने लगे। इसी बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। डॉ. द्विवेदी की पत्नी और पिता भी बाहर निकल आए। डॉक्टर के परिजनों का कहना है कि पुलिसकर्मी उन्हें जानवरों की



तरह पीटने लगे। इसी बीच मौके पर और भी पुलिसकर्मी वहां आ गए और सबने मिलकर डॉक्टर द्विवेदी की लात-घूंसों से पिटाई की और सोहागपुर थाने लेकर चले गए, थाने के अंदर भी जमकर पीटा।

### मेडिकल कॉलेज में भर्ती

पुलिसकर्मियों के पिटाई से डॉक्टर द्विवेदी को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मेडिकल कॉलेज में भर्ती डॉ. द्विवेदी ने बताया कि उनके साथ पुलिसवालों ने जमकर मारपीट की है, जबकि उनकी कोई गलती नहीं थी। पुलिसकर्मी ने जो सवाल किया, उसका उन्होंने जवाब दिया और अपने घर जाने के लिए बोल रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मी उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करने के बाद अपने वाहन में बैठा कर थाने ले गए और वहां जमकर पीटा। बड़ी मुश्किल से थाने से परिवार वालों ने निकलवा कर



मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

### इनका कहना है...

जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी के साथ मारपीट की जानकारी लगी है। यह घटना अस्पताल के बाहर हुई है, अभी कारण पता नहीं चला है।

**डॉ. शिल्पी सराफ**
**सिविल सर्जन**
**जिला चिकित्सालय शहडोल**

पुलिसकर्मी और डॉक्टर दोनों के बीच झूमाझटकी हुई है। दोनों पक्षों को चोट लगी है, दोनों की एमएलसी कराई गई है। पुलिसकर्मियों ने डॉक्टर से पूछा कि आप बाहर क्यों बैठे हो, इसी बात को लेकर डॉक्टर बहस करने लगे और यह स्थिति बन गई।

**रामजी श्रीवास्तव**
**पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

## चक्का जाम करने वालों के विरूद्ध दर्ज हुआ अपराध

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दरोगा पुलिया में ऑटो चालक की सडक़ हादसे में मौत के बाद नाराज परिजनों ने शहडोल रीवा मार्ग पर जाम लगा दिया था। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने लोगों को चक्का जाम करने से मना किया तो विरोध कर रहे लोगों ने पुलिस के साथ ही गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दी। अब इस मामले में पुलिस ने राजेश प्रसाद कुशवाहा, सन्तोष कुशवाहा, रामगोपाल कुशवाहा, अवधलाल कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, राजू कुशवाहा, रेणू कुशवाहा, रानी कुशवाहा, रामप्रसाद कुशवाहा सन्तोष कुशवाहा, रामकृपाल कुशवाहा, राजेश कुशवाहा रामचरण कुशवाहा तथा अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस से अभद्रता करने का वीडियो शनिवार को सामने आया है।



पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ऑटो की टक्कर होने से ऑटो चालक शिवकुमार कुशवाहा उम्र 27 वर्ष की सडक़ हादसे में दरोगा पुलिया पर मौत हो गई। ऑटो चालक करीबी गांव का रहने वाला था। ऑटो चालक की मौत की जानकारी उसके परिजनों को लगी, परिजन एवं ग्रामीण इक_I हो गए और दरोगा पुलिया में ऑटो चालक के शव को रखकर शहडोल रीवा मार्ग को चक्का जाम कर दिया। घटना दो दिन पहले घाटी थी। चक्का जाम की जानकारी पुलिस को लगी। घटनास्थल दो थाने की सीमा तय करता है। सूचना लगते ही देवलोंद एवं ब्यौहारी पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि लोग सडक़ पर शव को रख कर चक्का जाम कर रहे हैं।दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं। इस दौरान तीन एंबुलेंस भी फंसी हुई थी। तभी पुलिस ने चक्का जाम कर रहे लोगों से बातचीत की। स्कार्पियो चालक जो फरार है, उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा। जो भी मांगे हैं वह भी मान ली जाएगी। इतना कहते हुए पुलिस ने जाम हटाने की लोगों से विनती की, लेकिन लोग भडक़ गए और पुलिस से ही अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगे एवं पुलिस कर्मियों को जान से मार देने की धमकी दे डाली।जिस पर पुलिस ने 10 नामजद और अन्य पर मार्ग में जाम लगना, पुलिस कर्मियों से अभद्रता कर जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह जाम तीन घंटे तक लग रहा, जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसमें कई एंबुलेंस भी फंसी हुई थीं।




# डेंगू दिवस के अवसर पर निकाली गई रैली, बचाव की दी गई जानकारी

**शहडोल।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार के मीटिंग हाल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैली जैन,श्री हनुमान प्रसाद नामदेव जिला मलेरिया अधिकारी शहडोल, श्री शिवशंकर शुक्ला - जिला मलेरिया सलाहकार की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। साथ ही रैली निकालकर आम जनमानस को डेंगू बुखार से बचने, सप्ताह में अपने कूलर, टंकी, अनुपयोगी बर्तन में भरे हुए पानी को निकालकर पुनः सुखाकर उपयोग करने की जानकारी दी गई। जिसमें श्री रामचन्द्र चतुर्वेदी एम टी एस बुढार ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम देखें ,साफ करें, डेंगू,बुखार के नियंत्रण के उपाय करें,रोगियों की निः शुल्क जांच एवं उपचार जिला अस्पताल शहडोल में निःशुल्क जांच एवं उपचार,लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण, प्रवासी मजदूरों की पहचान और जांच, ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता के पास त्क्झ की उपलब्धता, नारे लेखन, डेंगू नियंत्रण हेतु प्रचार - प्रसार ,बी की आई,टेमोफास, पायरेथ्रम का उपयोग, स्थाई/अस्थाई जल स्त्रोतों की जानकारी एवं लार्वाभक्षी मछली का संचयन इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई। डेंगू के लक्षण होने पर मरीज को तेज बुखार ,सिर दर्द मासपेशियों एवं जोड़ो में दर्द शरीर पर चकत्ते के निशान, नाक व मसूड़ो से खून आना ऑख के निचले हिस्से पे दर्द हो सकता है, अतः डेंगू के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंन्द्र/आशा,ए.एन.एम. से सपर्क कर जिला चिकित्सालय में खून की जाँच करावें एवं उपचार लेवें। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है, डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, डेंगू का एडीज मच्छर दिन में काटता है। अतः इससे बचाव हेतु घर के आस-पास पानी जमा न होने दें व सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर का पानी बदलें एवं आस पास पाये जाने वाले कूलर टायर मटका टूटे फूटे डिब्बो में पानी जमा न होने दे एवं रूके हुये पानी में जला हुआ ऑयल केरोसीन एक ढक्कन डालें।

## विभागीय नीतियों, नियम एवं रैम्प योजना से अवगत कराने कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शहडोल।** जिले में विभागीय नीतियों, नियम एवं रैम्प योजना से अवगत कराने के लिए गुरुवार को कलेक्टर डॉ.केदार सिंह की उपस्थिति में होटल विजय श्री न्यू बस स्टैण्ड में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए युवा वर्ग आगे आए। रोजगार की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता, अधोसंरचना, विकास भूमि की उपलब्धता तथा उत्पाद के विपणन की जवाबदारी सरकार उठा रही है। प्रदेश सरकार शासन की विभिन्न योजनाओं से उद्योग स्थापित करने के लिए अवसर उपलब्ध करा रही है। उद्योग स्थापित करके युवा अपनी आर्थिक प्रगति तो कर ही सकता है, साथ ही उद्योग के माध्यम से अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकता है।



मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति के तहत प्राप्त निवेस पर 15 प्रतिशत की सहायता तथा महिला अजा. एवं अजजा को 18 प्रतिशत की सहायता। लीज रेन्टल सहायता अधिकतम 5 हजार रूपये प्रतिमा, पेटेंट सहायता पेटेंट हेतु रु. 5 लाख तक, आयोजन में सहभागिता हेतु सहायता 75 प्रतिशत का प्रावधान है। उत्पाद आधारित स्टार्टअप हेतु विशेष सहायता के रूप में प्रशिक्षण व्यय प्रतिपूर्ति-प्रति नवीन कर्मचारी रूपए 13000 तीन वर्षों के लिये, रोजगार सृजन अनुदान नवीन कर्मचारियों को रूपए 5000 प्रति कर्मचारी प्रति माह सहायता, विद्युत शुल्क पर छूट - 3 वर्ष के लिये, विद्युत टैरिफ में रियायत 3 वर्षों हेतु 5 रूपये प्रति यूनिट है। इक्यूबेटर हेतु सहायता के तहत स्टार्टअप को वित्तीय सहायता मिलने पर रू. 5 लाख कार्यक्रम के लिए रू. 5 लाख प्रति आयोजन क्षमता विस्तार हेतु रु. 5 लाख की एक मुश्त सहायता (सीट क्षमता में 20प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि)।

यंत्र-संयंत्र में 10 करोड़ रूपये तक के निवेश पर उद्योग विकास अनुदान 40प्रतिशत, अजा, अजजा, महिला 48प्रतिशत, निर्यातक इकाई को अधिकतम अतिरिक्त अनुदान 12प्रतिशत, गुणवत्ता प्रमाणीकरण हेतु रु. 5 लाख तक (यंत्र-संयंत्र में रू. 25 लाख तक का निवेश)। ऊर्जा लेखा परीक्षा हेतु रू. 5 लाख तक की सहायता,पेटेण्ट- आईपीआर पंजीयन हेतु रु. 5 लाख तक की सहायता, ईटीपी स्थापना हेतु सहायता अधिकतम रू. 25 लाख, औद्योगिक परिसर तक अधोसंरचना विकास हेतु अधिकतम रू. 25 लाख,

यंत्र-संयंत्र में रु. 10 करोड़ से अधिक एवं रु.50 करोड़ तक का निवेश की सुविधा है। यंत्र-संयंत्र में निवेश का 40प्रतिशत तक एमएसएमई को उद्योग विकास अनुदान, निवेश प्रोत्साहन योजना। पेटेण्ट-आईपीआर पंजीयन हेतु रु. 5 लाख तक की सहायता, ईटीपी स्थापना हेतु सहायता अधिकतम रू. 1 करोड़, औद्योगिक परिसर तक अधोसंरचना विकास हेतु अधिकतम रू. 3 करोड़ का प्रावधान है।

कार्यशाला में एमपी एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025, एमपी एमएसएमई लैण्ड रूल 2025, एमपी स्टार्ट अप पालिसी 2025, एलईएएन, आईपीआर एवं जेड ई डी स्कीम आदि के सम्बंध में आर. एस. डाबर, संयुक्त संचालक उद्योग, परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय, रीवा, म.प्र. लघु उद्योग निगम, इंदौर के प्रतिनिधि के द्वारा सेशनवार अवगत कराया गया।

कार्यशाला में अग्रणी जिला प्रबंधक अमित चौरसिया, प्राचार्य आई. टी.आई. एवं पालिटेक्निक कॉलेज, शहडोल के प्रतिनिधि, एनआरएलएम विभाग, उद्यानिकी विभाग, अन्य पिछडा वर्ग विभाग, आदवासी वित्त विकास निगम एवं लघु उद्योग भारतीय संघ शहडोल के अध्यक्ष, श्री देवन्द्र गुप्ता एवं जिलें के उद्योगपति, उद्योग संघ, व्यापारी संघ एवं व्यवसायी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में विधिक सहायता शिविर संपन्न



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिला जेल उमरिया में न्यायाधीश / सचिव मोहन डावर द्वारा जेल का निरीक्षण / अवलोकन किया गया साथ ही विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर न्यायाधीश / सचिव मोहन डावर द्वारा बंदियों को विधिक अधिकार तथा उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गयी तथा बंदियों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी गयी । इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित, उप जेल अधीक्षक श्री माखन सिंह मार्को भी उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन कुसलतापूर्वक किया गया तथा प्रमुख मुख्य प्रहरी तथा जेल में ड्यूटीरत समस्त अधिकारी-कर्मचारी निरीक्षण-शिविर के समय उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज मानपुर।** विकासखंड में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर ब्लॉक मलेरिया टेक्नीशियन सुपरवाइजर सीडी पाठक द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया से संबंधित बचाव की जानकारी दी गई । जिला समन्वय किशोर स्वास्थ्य बिसीएम राजेंद्र वर्मा , किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा सेक्टर बिजोरी एवं मानपुर के आशा सुपरवाइजर एवं आशाएं उपस्थित रहे।

### पालीटेक्निक महाविद्यालय में काउंसलिंग पंजीयन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** प्राचार्य शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मप्र द्वारा जारी काउंसलिंग समय सारिणी सत्र 2025-26 हेतु काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ है । संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजी. मैकेनिकल इंजी, सिविल इंजी, माइनिंग इंजी संचालित है । सभी ब्रांचों में रिक्त सीटो की संख्या 60 है । इसके अलावा किसी भी ट्रेड से आईटीआई द्वितीय पाठ्यक्रम उत्तीण अथवा 12 वीं उत्तीण विद्यार्थी लेटरल इंट्री के माध्यम से सीधे मनचाही ब्रांच में व्दितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश ले सकते है । रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही संस्था में प्रवेश के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

### स्टेडियम में हैंडबाल, हाकी एवं कराते तथा तथा कॉलरी स्कूल मैदान में बॉलीवाल का प्रशिक्षण प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग हेतु प्रदेश के सभी जिलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 30 जून के मध्य लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला मुख्यालय उमरिया में 15 जून तक चलने वाले प्रशिक्षण का शुभारंभ स्टेडियम उमरिया में प्रतिपाल सिंह महोबिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला उमरिया व्दारा किया गया । जिला मुख्यालय स्टेडियम में हैंडबॉल, हॉकी व कराते एवं कॉलरी मैदान में वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विकासखंड मानपुर में समन्वयक भागवत प्रसाद पटेल व पाली में समन्वयक रेशमा शर्मा के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी खिलाडियों को प्रशिक्षण शिविर के दौरान खेल सामग्री,पौष्टिक स्वल्पाहार, पानी की व्यवस्था विभाग के द्वारा की जाएगी । अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा खिलाडियों को ऐसे प्रशिक्षित किया जाएगा ।

### बगैर मजदूरी के निर्माण कार्य का बनाया गया स्टीमेट

# भगवान भरोसे देवरी मजिरा पंचायत

### आनन-फानन में मजदूरो को भुगतान करने की तैयारी

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** बिना मजदूरों के कोई भी निर्माण संभव नहीं है, निर्माण अनुमान में श्रम लागत का हिसाब न रखने से विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, ग्राम पंचायतों में तकनीकी अमला निर्माण कार्य के दौरान स्टीमेट तैयार करता है, लेकिन उसमें मजदूरी का कहीं कोई जिक्र नहीं होता, जिसके चलते पूरी राशि वेण्डरों से बिल लेकर उनके खाते में डाली जा रही है, जिससे पंचायत में लगातार फर्जी भुगतान हो रहे हैं। जिले की करकेली जनपद की देवरी मजिरा पंचायत में भगवान भरोसे चल रही है, बीते वर्षो में हुए निर्माण कार्य की अगर जांच कराई जाये तो, कई ऐसे निर्माण कार्य सामने आयेंगे, जिसमें जमकर गड़बड़झाला किया गया है, एक ओर तकनीकी अमला बगैर मजदूरी के स्टीमेट बनाकर पंचायतों में कार्य स्वीकृत करता है, वहीं दूसरी ओर पंचायत द्वारा ऑफ रिकार्ड ठेके पर कार्य देकर वेण्डर से सांठ-गांठ कर कमीशन के फेर में सामग्री के नाम पर बिल का भुगतान कर रहे हैं, बीते दिनों हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद सचिव ने मजदूरों को भुगतान करने के लिए राशि तो, उनके खाते में डाली, लेकिन वह आज भी पेडिंग है।

**जब स्टीमेट में नहीं तो भुगतान क्यों**

ग्राम पंचायत देवरी मजिरा में भगवानदीन बैगा सचिव के पद पर पदस्थ है, इनके कार्यकाल में जमकर गड़बड़झाला हुआ है, पर्दे के पीछे से यह पूरा खेल रोजगार सहायक द्वारा खेले जाने की चर्चा है, ग्राम पंचायत में संतोष कोल के घर से




घुलघुली तक सीसी रोड मरम्मत कार्य 02 अक्टूबर 2024 को स्वीकृत हुआ था, इसका बजट 3 लाख 85 हजार रूपये निर्धारित किया गया था। उक्त निर्माण कार्य में 3 लाख 76 हजार रूपये निर्माण सामग्री पर व्यय कर दिया गया, आनन-फानन में बीते दिनों 7 हजार के आस-पास मजदूरी भुगतान किया गया, अगर स्टीमेट में नहीं है तो, नियम विरूद्ध आखिर भुगतान क्यों किया गया।

**राशि के हिसाब से सब तय**

तकनीकी जानकारों की माने तो, 3 लाख 85 हजार रूपये की लागत में अगर मजदूरी भुगतान 7 हजार से 10 हजार के बीच हो रहा है तो, यह गलत है, कहीं न कहीं फर्जीवाड़ा हुआ है, जानकारों का कहना है कि निर्माण की लागत के हिसाब से कम से कम 30 से 35 हजार रूपये का मजदूरी भुगतान होना चाहिए था, गलती छुपाने की नीयत से पंचायत के सचिव ने भुगतान तो कर दिया, लेकिन निर्माण कार्य की राशि और श्रम लागत की राशि का भी मापदण्ड तय है, जिस हिसाब से 8 लोगों को भुगतान होना दर्शाया जा रहा है, उस हिसाब से निर्माण कार्य में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ है।

**खुद के जाल में फंसे जिम्मेदार**

जिले की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है, इस भ्रष्टाचार के पीछे कहीं न कहीं जिले में बैठे जिम्मेदारों का बराबर साथ मिल रहा है, प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामलों में कार्यवाही न होना, भ्रष्टाचारियों के हौसले को बढ़ावा देती है, ग्राम पंचायत देवरी मजिरा में हुए निर्माण कार्य में स्टीमेट को किनारे का मजदूरी भुगतान तो कर दिया गया, अगर जिला पंचायत से दल गठित कर तकनीकी अमले से मूल्यांकन कराया जाये तो, निर्माण कार्य के नाम पर वेण्डर को हुए फर्जी भुगतान का खुलासा हो सकता है।



## शासकीय जमीन से हटाया गया अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज मानपुर।** जनपद पंचायत के ग्राम कुदरी में ग्राम पंचायत कुदरी के लिए प्रस्तावित शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा हटाया गया तथा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव को सौंपा गया । उक्त भूमि पर परसोत्म, सरसोत्म चौधरी द्वारा अतिक्रमण किया गया था। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, तहसीलदार मानपुर सतीश सोनी, नायब तहसीलदार रामलाल पनिका सहित , खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी , पुलिस बल उपस्थित रहा। इसी तरह ग्राम धमोखर में बाघटोला रिसोर्ट द्वारा शासकीय आराजी खसरा नंबर 252 के 0.202 हेक्टयर पर तार से फेसिंग कर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाने की कार्यवाही की गई तथा अतिक्रमण मुक्त जमीन को ग्राम पंचायत को सौंपा गया। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मानपुर टी आर नाग ,नायब तहसीलदार बरबसपुर एवं नायब तहसीलदार इंदवार, पटवारी उपस्थित रहे।

## 23 मई को ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति पाली की बैठक 23 मई को जनपद पंचायत सभागार पाली में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ऋण जमा अग्रिम साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीाय साक्षरता अभियान एवं प्रत्ये्क माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओ व्दारा शिविर आयोजन की चर्चा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र उमरिया के योजनाओं की समीक्षा, एनयूएलएम अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्व सहायता समूह के बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की समीक्षा, पशुपालन, मत्स्य , कृषि विभागों के केसीसी के प्रगति की समीक्षा, एनआरएलएम विभाग अंतर्गत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की समीक्षा, आदिवासी वित्त विकास विभाग की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा, सीएम हेल्प्लाइन लाइन लंबित शिकायतों की समीक्षा, एसबीआई आरसेटी उमरिया की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

## पाली में चलाया गया स्वच्छता अभियान कार्यक्रम



उमरिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से विकासखंड पाली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कुआं ,बावली, नदी तालाब,जल स्रोतों में आमराई झिरिया नाला के हनुमान आखाड़ा स्थल में साफ सफाई की गई ।

जिला समन्वय़क जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल की आखरी एक एक बूंद तक को सहेजने ग्राम पंचायतों में अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार आयोजित किया जा रहा हैं। ब्लॉक में हर ग्राम पंचायत हर वार्ड स्तर पर स्थलों का चयन कर बोरी बंधान के लिए चिन्हित किये गये है। प्रदेश सरकार व्दारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान,जन अभियान बनता जा रहा है, जिसमें सभी वर्ग के लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जल को संरक्षित करनें का कार्य कर रहे है । अभियान के तहत नदी, नालो, तालाबो, पोखर, बावडियो , कुओ की साफ सफाई तथा जीर्णोध्दार के कार्य किए जा रहे है , इसके साथ ही अमृत सरोवर, खेत तालाब का भी निर्माण किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो अनवरत 30 जून तक चलता रहेगा ।

श्रमदान अभियान में विकासखंड समन्वयक पुष्पा टेकाम , परामर्शदाता संजय साहू, कौशलेश कुमार सूर्यवंशी, अर्चना मिश्रा, शशि साहू, उषा प्रजापति एवं सीएमसीएलडीपी छात्र / छात्राएं अजय चौधरी,खेल सिंह, किशन सोनी प्रेरणा विश्वकर्मा, रमेश कुमार साहू, लक्ष्मी देवी, तेजराज सिंह,रजनी सिंह, कीर्ति विश्वकर्मा, पूजा पाशी ,पूजा यादव ,श्रुति सिंह ,वैशाली सिंह ,प्राची महोबिया, ज्ञान बाई सिंह, प्रीती सिंह ,पुष्पराज कोल ,सूरज बर्मन उर्मिला सिंह लक्ष्मी यादव अनामिका शुक्ला उपस्थित रहे ।

## कंपनी आवास बने ऐशगाह तो गरीबों की झोपडी में छाया अधेरा

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** जमुना कोतमा क्षेत्र में कंपनी के लगभग पांच हजार आवास है जिसमें गोविंदा,भालूमाड़ा, जमुना भदरा शामिल है लेकिन वर्तमान में लगभग 1900 से 2000 के आसपास कर्मचारी है जिनमें बहुत से अपने निजी मकान या गांव से ड्यूटी कर रहे है लेकिन क्षेत्र में सभी मकान अनाधिकृत तरीके से पावर फुल लोग द्वारा कब्जाए गए है।ओर क्षेत्र का प्रबंधन मोन समर्थन दे रखा है। अनाधिकृत तरीके से कब्जाए गए मकानों से बिजली पानी मरम्मत के नाम पर कंपनी का करोड़ों का नुकसान हो रहा हैं, वहीं गरीबों की बात करे तो वो सब लोग शामिल है जो खदानों के संचालन में प्रभावित हुए थे और कंपनी के कालोनियों के नजदीक झुग्गी झोपडी बनाकर फल, सब्जी, मूंगफली बेचकर गुजर बसर कर रहे थे कुल मिलकर गरीबी गुजरावकर रहे थे उनके घरों की तपती गर्मी में बिजली पानी काट कर प्रबंधन द्वारा मरने को मजबूर किया जा रहा है। प्रबंधन का ये कृत्य निंदनीय है साथ ही अमीर गरीब की दूषित भावना से प्रेरित है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अभी लगभग 15 दिनों से



कालोनियों का यह कहकर पावर काट दिया जाता है कि अवैध कटौती की जा रही है लेकिन कई घंटों तक पावर कटा रहता है जिससे कंपनी के कर्मचारियों को गंभीर परेशानी उठानी पड़ती है अतः महाप्रबंधक से मांग है कि भीषण गर्मी के आलम में सभी कर्मचारियों को जो बिजली कटौती की मार झेल रहे है उनके सबके घरों में एक एक इनवर्टर कंपनी के तरफ से दिया जाय ताकि रेस्ट करके अपने अपने खदानों में ड्यूटी में जा सके। क्षेत्र के महाप्रबंधक से मांग है कि अवैध तरीके से कंपनी के आवास में रह रहे तत्वों का बिजली पानी काटा जाए जिससे कंपनी का करोड़ों का चूना लग रहा है गरीब अपने झोपडी में एक बल्ब जला ही लेगा तो कौन सी आफत आन पड़ी जा रही है मानवीय दृष्टि से भी इतना हक गरीबों का भी बनता है। एचएमएस जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला की प्रबंधन से मांग है कि यदि कार्यवाही करना है तो ऐसे तत्वों से आरंभ किया जाय जो कंपनी के आवास को अपनी जागीर समझ बैठे है इसके बाद फिर अन्य के ऊपर कार्यवाही हो नहीं तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को विचार कर सकता है।

## 12 घंटे के अन्दर हत्या का आरोपी बिजुरी पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** 15 मई को रात्री करीब 00.30 बजे थाना बिजुरी को सूचना प्राप्त हुई कि एक पुरुष की हत्या ग्राम मैनटोला में उसके सिर पर कुल्हाडी से गंभीर चोट पहुँचाकर कर दी है। मौके पर पहुँचकर तस्दीक की गई तो घटना स्थल पर उपस्थित फरियादी कुंतीबाई गोंड ने बताया कि मेरे भाई की तबीयत अचानक खराब हो जाने के कारण मै मेरा भाई और अर्जून सिंह उसे ईलाज हेतु अस्पताल ले गए थे अस्पताल में भर्ती कराकर मै और अर्जुन महरा वापस आए तब मेरे पति द्वारा मुझ पर चरित्र शंका को लेकर मुझे व अर्जून महरा को गाली गलौज देने लगा एवं लडाई झगडे पर उतारु हो गया। तब अर्जून महरा बिना कुछ बोले गुस्से में अपने घर चला गया तथा थोडी देर में कुल्हाडी लेकर वापस आया और मेरे पति मृतक कमलसिंह गोंड पिता गिरधारी गोंड को कुल्हाडी से सिर में चोट पहुँचाकर हत्या कर लाश को घसीटकर घर के बाहर फेंक दिया। और जाते जाते मुझे बोला कि अगर यह बात अगर किसी को बताई तो तुझे भी जान से खत्म कर दूंगा घटना स्थल पर मृतक के शव के निरीक्षण से घटना की पुष्टी हुई । अतः तत्काल मौके पर प्रथम सूचना पत्र लेख कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया तो पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी के



मार्गदर्शन व एसडीओपी कोतमा सुश्री आरती शाक्य के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर अनुसंधान व आरोपी की पता तलास हेतु आदेशित किया गया है। जिसके अनुपालन में तत्काल टीम गठित कर आरोपी के संभावित छुपने के स्थान पर दबिश दी गई जो आरोपी अर्जून महरा पिता सम्हारू महरा उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम मैनटोला थाना बिजुरी को 16/05/2025 को ग्राम मैनटोला से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो आरोपी नें जुर्म स्वीकार किया व घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी पुलिस को जप्त कराई। इस प्रकार वरिष्ठ अधिकारीयों के कुशल नेतृत्व में बिजुरी पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में पंजीयन के 12 घंटे के अन्दर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरी मानिम टोप्पो, सउनि उदय प्रजापति, विपिन बिहारी राय, आर. राजदेव सिंह, रवि सिंह, विश्वजीत की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## शिविर में बच्चे सीख रहे हैं कई खेलों के गुर

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना निकाल रहे हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद सीखने मिल रहा है। खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है और खुशी-खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहे हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भरपूर उपयोग कर खुद को तराशने में जुटे हैं। सुबह से खेल मैदान पहुंचकर प्रशिक्षकों की मौजूदगी में कई खेल सीख रहे हैं, जिससे बच्चों के अंदर खेल का हुनर पैदा हो रहा है। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली माँ बिरासिनी खेल मैदान में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के निर्देशन व नगर पालिका परिषद मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह, पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा 1 मई से ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 5 जून तक चलेगा। कैम्प में बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण कोच द्वारा दिया जा रहा है।

शिविर को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में बच्चे हर दिन सुबह यहां खेलों का प्रशिक्षण लेने आते हैं। जिला प्रशासन व युवा टीम द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए पूर्णतः निश्शुल्क है। कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलकूद व विभिन्न विधाओं को संचालित करने के पश्चात समापन के दौरान सभी बच्चों को प्रतिदिन फल व पौष्टिक आहार प्रदान किया जाता है। उन्होंने ने बताया कि बच्चे अक्सर अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताने लगते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में समर कैंप एक बेहतरीन विकल्प है, जहाँ बच्चे ना सिर्फ मोबाइल से दूर अपना ज्यादातर समय खेल, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियां करते हुए बिताते हैं बल्कि अब समर कैंप में बच्चों को अच्छा व्यवहार करने से लेकर गुड टच और बैड टच में अंतर करना भी सीख रहे हैं। इस दौरान कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, संजीवनी पटेल, रुद्र प्रधान, ऋषभ रजक, आरुष शिवहरे, अतिव्य रजक, शुभम पटेल अर्पिता बर्मन ,आस्था सिंह परिहार, नेहा सिंह ,पलक सिंह, स्नेहा सिंह, मानवी चावले, सत्यम सेन, निरंजन कुशवाहा, सुभद्रा बैगा,शिव बैगा,सारांश बैगा,कृषा देवी बैगा, शिवान्या बैगा,श्रेयांश गौतम,व सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दूसरे जिले से आने वाली नान स्टाप बसों का प्रवेश प्रतिबंधित

**कटनी।** शहर के यातायात दबाव एवं आम जनता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अन्य जिलों से आने वाली नान स्टाप बसों का अब कटनी शहर में प्रवेश तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा तदाशय का आदेश गुरुवार को जारी किया गया है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि अन्य जिलों की नान स्टाप बसें बाय पास से नहीं जाकर कटनी शहर में प्रवेश करते हुए जातीं हैं। जिससे शहर में आये दिन जाम लगने से आम नागरिकों का आवागमन बाधित होता है और जन सामान्य को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अन्य जिलों की बसों के लिए एस डी एम कटनी श्री मिश्रा ने यातायात मार्ग भी तय किया है। जिसके तहत दमोह, पन्ना,सतना, शहडोल और उमरिया जिले की बसें चाका बायपास से कटनी बस स्टैंड तथा वापस बस स्टैंड कटनी से चाका बायपास होते हुए अन्य जिले के लिए यात्रा पर रवाना होंगी। जबकि जबलपुर से आने वाली बसें पीरबाबा बायपास से होते हुए बस स्टैंड कटनी तथा कटनी बस स्टैंड से होते हुए अन्य जिले की ओर यात्रा हेतु प्रस्थान करेगी। एस डी एम कटनी श्री मिश्रा ने एक अन्य आदेश जारी कर सवारी बसों का मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी, और मुड़वारा रेलवे स्टेशन तक बसों के प्रवेश और आवागमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। यह आदेश शहर के भीतर लगने वाले जाम को मद्देनजर रखते हुए जनहित में जारी किया गया है।

### वॉलंटियर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कटनी।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जा रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर पार्षद, सरपंच, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, नगर निगम एवं नगर परिषदों के स्वयंसेवकों तथा कॉलेज के एनएसएस आवेदकों तथा एनसीसी आवेदकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जारी प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार शनिवार 17 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर परिषद कैमोर, नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पूर्व में 13 विभागों के अवकाश पर लगे प्रतिबंध को हटाया गया

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा 9 मई को 13 विभागों के शासकीय सेवकों के अवकाश के प्रतिबंधित आदेश जारी किए गए थे। मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग उप सचिव श्री प्रदीप जैन द्वारा शुक्रवार को संबंधित आदेश को वापस लेते हुए लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया गया है। इस सम्बंध में समस्त कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी किया गया है।

### जिला चिकित्सालय में कार्यशाला आयोजित

**कटनी।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला चिकित्सालय सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठ्या एवं जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया। साथ ही शालिनी नामदेव द्वारा अपने कार्यक्षेत्र एवं घर के आसपास डेंगू से बचाव के उपाय करने की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है- देखे, साफ करें, ढकेंः डेंगू को हराने के उपाय करें। इस अवसर पर डॉ. यशंवत वर्मा सिविल सर्जन, पी के महार मलेरिया निरीक्षक, ब्लॉक विजयराघवगढ, कन्हवारा, रीठी एवं शहरी कटनी के सीएचओ, राजेश श्रीवास्तव व सद्गुरू सेवा संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### उपचार के लिए 1 लाख 35 हजार रुपये

**कटनी।** ग्राम घुघरी निवासी सरमन सिंह पिता जियालाल की बीमारी के उपचार हेतु 50 हजार रुपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है। वहीं शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को उपचार हेतु 85 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

# हमारी भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा बहुत पुरानी

हरिभूमि न्यूज, बिरसिंहपुर पाली





श्रीमती नीलम गुप्ता दीदी जी विद्याभारती सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बीरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में आयोजित प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग के तेरहवें दिवस के संवाद सत्र में अध्यक्ष श्री रमेश वसरानी जी (पूर्व व्यवस्थापक) , विशिष्ट अतिथि श्री नंदलाल प्रजापति जी (सह जिला सचिव उमरिया) , मुख्य अतिथि श्री प्रभात सिंह जी (क्षेत्र प्रमुख शिशुवाटिका मध्य क्षेत्र) , मुख्य वक्ता श्रीमती नीलम गुप्ता दीदी, श्रीमती संतोषी सोनी दीदी (वर्ग संयोजिका) , श्रीमती संध्या मिश्रा दीदी (विशिष्ट अतिथि), श्री अनूप कुमार पाण्डेय जी (प्रधानाचार्य पाली) , प्रशिक्षक, प्रशिक्षार्थी दीदियों की गरिमामयी उपस्थिति रही दीप प्रज्वलन वाणी वंदना के पश्चात श्री रमेश वसरानी जी (अध्यक्ष) का आशिर्वचन प्राप्त हुआ फिर मुख्य वक्ता श्रीमती नीलम गुप्ता दीदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर अपना पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा बहुत पुरानी एवं प्रमाणिक है जिसकी शुरुआत वेदों से हुई महर्षि वेदव्यास जी के द्वारा चार वेदों की रचना की गई ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद फिर उपनिषदों की रचना हुई पुराणों की रचना हुई महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना की देश के महान कवि एवं संत तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना कर भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा को आगे बढाया उन्होंने बताया कि हमारे मनीषी, ऋषि, संत आदि सिद्ध लोगों के समय भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा का विकास हुआ जैसे पुष्पक विमान की रचना हुई जो विशेष तकनीक से बना रहा होगा प्राचीन मंदिरों में वास्तुकला का अद्भुत स्वरूप देखने को मिलता है रामायण में जिन वाणों का उल्लेख मिलता है उनके निर्माण एवं संचालन की विधि अद्भुत है विद्याध्ययन की पद्धति में ₹ गुरु गृह पढन गए रघुराई अल्प काल विद्या सब पाई ₹ यह विद्या गृहण करने की भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा के उदाहरण है हमारे संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों में चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, कृषि, विज्ञान, जल संरक्षण, वन जडीबुटी, विमान रचना, अन्य विभिन्न प्रकार के विषयों का ज्ञान भरा हुआ है दीदी ने बताया कि रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने सबसे सरल तरीके से सभी विषयों का प्रतिपादन किया है हमारी शिशु वाटिका का स्वरूप भारतीय ज्ञान परंपरा का एक उदाहरण है कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नेहा पाटकर दीदी जी ने किया।

**सांदीपनि विद्यालय करेला में समर कैम्प का हुआ समापन**

# विभिन्न विधाओं का विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन, प्रमाण पत्रों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बरही



बरही तहसील अंतर्गत ग्राम करेला में संचालित मध्य प्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार 1 से 12 मई तक लगातार समर कैंप का आयोजन विभिन्न विधाओं में संचालित था जिसका समापन हुआ। इस अवसर पर 12 दिनों में सीखे गए विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

छात्र-छात्राओं द्वारा देवी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका सरस्वती बंदना मां नर्मदा लोक गीत स्वागत गीत एवं पेंटिंग का प्रदर्शन किया गया। छात्र छात्राएं एवं अभिभावक एवं प्रशिक्षक बड़े उत्साह के साथ भाग लिए एवं समर कैम्प को उपयोगी बनाया गया।

समापन के इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री आर के शुक्ला द्वारा समर कैंप की उपयोगिता एवं विद्यालय की उपलब्धि के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

सरपच अमर सिंह द्वारा द्वारा संदीपनी विद्यालय के इस गांव में प्रारंभ होने से गांव के शैक्षिक सांस्कृतिक वातावरण के विषय में जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश त्रिपाठी समर कैंप में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की गई धर्मेंद्र सिंह द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया समर कैंप प्रभारी विनोद कुमार सकवार द्वारा समर कैंप की प्रतिदिन की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र पांडे द्वारा किया गया ।इस अवसर पर श्रीमती मनोरमा बर्मन पुनीत मिश्रा श्री बृजराज सिंह देवा banskar समीर चतुर्वेदी राघवेंद्रआचार्य एवं बच्चो के अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस समर कैम्प में अनिल दुबे का तबला वादन एवं योगा में सहयोग रहा। साथ ही कालूराम बर्मन मुकेश रजक राकेश बैगा रामलखन बैगा जयकरण बैगा अशोक विश्वकर्मा गिरिजा विश्वकर्मा सभी का स्वल्पाहार एवम व्यवस्था में सहयोग रहा।

### आवास का आवंटन : 81 हितग्राहियों के पक्के आवास का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज कटनी

आईएचएसडीपी योजना अंतर्गत कटनी शहर के इंदिरा नगर, प्रेम नगर, सरलानगर पड़रवारा और अमकुही बस्ती में निर्मित आवासों के पात्र 81 हितग्राहियों को शुक्रवार को लॉटरी सिस्टम से आवास आबंटित किए गए। नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों के भवन आवंटन की कार्यवाही रेडमाइजेशन पद्धति से की गई। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे, मेयर इन काउंसिल सदस्य एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, नन्ही बाई तुलाराम गोटिया, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, सुखदेव चौधरी,की मौजूदगी रही।

# 5 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने किया गिरफतार

**बुढार।** समाज में कैसे कैसे लोग हैं जिसका कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है नाबालिग दुष्कर्म की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है जो मानवीय अधिकारों को भुलाकर नाबालिग बच्चियां का शिकार थरती में रहने बाले मानवों के द्वारा कर शर्मसार किया जा रहा है। बुढ़ार थानांतर्गत ग्राम गोपालपुर में एक



5 वर्ष की बच्ची के साथ 16 वर्षीय युवक के द्वारा खेल खेल में दुष्कर्म कर डाला जिनकी शिकायत नाबालिग लड़की के पिता संतोष सोनी ने पड़ोस में रहने वाले राम सिंह गोड़ के 16 वर्षीय पुत्र के द्वारा दुष्कर्म किया गया जिसे लहूलुहान लेकर थाने पहुंचे शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पीड़ित के पिता मोबाइल की दुकान चलाते हैं 14 मई की दोपहर लगभग तीन बजे आरोपी मेरे घर आया और मेरी बच्ची के साथ खेलने के बहाने छत पर चला गया और इसी दौरान मेरी बच्ची के साथ गलत काम कर दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 328/25 धारा 6,4,(2)6,5(2) बीएनएस 34,5(एन आई)6 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**महापौर और निगमायुक्त द्वारा शिविर में पहुँचकर लाभ लेने की गई अपील**

# अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सुविधा हेतु शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज कटनी

नगर में स्थित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक सुविधाए उपलब्ध कराने तथा भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वार्डों में लगातार शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा एक आदेश जारी करते हुए 21 मई तक श्री अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं प्रभारी अधिकारी कॉलोनी सेल के निर्देशन में चार दल गठित करते हुए विभिन्न चार वार्डों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए जाकर अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।

### इन वार्डों में ये अधिकारी होंगे दल प्रभारी

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार चार वार्डों में आयोजित हो रहे शिविरों में वल्लभ नगर इंदिरा गांधी वार्ड क्र.4 के लिए दल प्रभारी जे.पी.सिंह बघेल,अहमद नगर राममनोहर लोहिया वार्ड क्र 5 के लिए दल प्रभारी अश्वनी पांडे, जाग्रति कालोनी आचार्य विनोवा भावे वार्ड क्र 14 के लिए दल प्रभारी शैलेंद्र प्यासी,एवं शारदा कॉलोनी बाबू जगजीवनराम वार्ड क्र 19 के लिए दल प्रभारी संजय मिश्रा रहेंगे,एवं इनके साथ चार-चार अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। शिविर का आयोजन प्रातः 11:00 बजे 05:30 बजे तक किया गया है। इससे बसाहट क्षेत्र के सैंकड़ो परिवार के लोगों को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार नगर के अन्य वार्डों की कॉलोनियों में भी शिविर लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। निगमायुक्त ने अधिक से अधिक ब कॉलोनी वासियों को शिविर में पहुँचकर लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिविर में ही प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं दस्तावेजों का वैध की गई कॉलोनियों से खसरा मिलान करते हुए विकास शुल्क की डिमाण्ड जारी करने कार्यवाही की जाएगी।

**तिलक कॉलेज में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित**

# प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज कटनी



कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देशन में जिला कमाण्डेंट की एनडीईआरएफ टीम के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, डॉ. चित्रा प्रभात, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण शिविर में प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, डॉ. संदीप निगम, डॉ. यशवंत वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नागरिक सुरक्षा अंतर्गत आपातकालीन स्थिति के बारे में जानकारी देते तैयारी, रोकथाम, शमन, प्रतिक्रिया, आगजनी, बाढ आदि की घटना के बारे में स्वयंसेवकां को अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण जानकारी दी

आग की घटना के चारों प्रकारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटना होने पर किस प्रकार की सहायता प्रदान करनी है, के बारे में जानकारी दी गई। ब्लैकआउट के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि ब्लैकआउट में होने वाली घटनाओं से खतरा बहुत कम होता है तथा संवेदनशील स्थिति में पूरी तरह अंधेरा कर दिया जाता है। जिससे दुश्मन के हवाई जहाज या ड्रोन को कोई रोशनी नजर न आए और हमला होने का खतरा कम हो जाता है। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कई महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं दल प्रभारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण शिविर में शैलेन्द्र दुबे, वीरेन्द्र खरे, डॉ. माधुरी गर्ग, ममता ठाकुर, रिचा दीक्षित आदि अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती संस्कृति लटोरिया, प्राध्यापक समाजशास्त्र डॉ. आर.पी. मिश्रा उपस्थित रहे।

**पहले मिट्टी मुरम बिछाई अब गिट्टी डाल पक्का निर्माण किया प्रारंभ**

# अधिकारियों को गुमराह कर पक्की सड़क का निर्माण कर रहा स्कूल प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा



पकरिया स्थित ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रबंधन के द्वारा लगाकर मनमानी बरती जा रही है। प्रबंधन ने पहले तो नर्मदा माइनर नहर का स्वरूप बिगाड़कर बड़े बड़े पत्थर डालें और फिर मुरम बिछाकर सड़क का निर्माण कराया। अब निजी स्कूल प्रबंधन सड़क के ऊपर गिट्टी बिछाकर पक्की सड़क बनाने की तैयारी में हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है लेकिन अधिकारियों से सांठगांठ के बाद स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से मनमानी पर उतारू होकर सरकारी जमीन को अपने कब्जे में ले रहा है।

वहीं नर्मदा नहर के अधिकारियों का कहना है कि हमनें मिट्टी मुरम डालने की अनुमति दी थी,पक्का निर्माण हुआ तो कार्रवाई होगी। एक महीने पहले भी मामला उछला तो स्कूल प्रबंधन ने पूरी तरह से काम बंद कर दिया। अब फिर से स्कूल प्रबंधन अपनी कारिस्तानी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक उमरियापान के समीप बिछिया माईनर नहर भी है। पकरिया में इसी माइनर नहर के ऊपर ग्रेस मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के द्वारा शासन के नियमों को रौंदकर निजी उपयोग हेतू शासकीय भूमि पर ठेकेदार के माध्यम से सड़क बनाने का कार्य कराया जा रहा है। स्कूल प्राचार्य ने पत्राचार किया और कार्यपालन यंत्री ने स्कूल को फर्जी अनुमति दे दी। स्कूल ने भी सालभर बाद निर्माण कार्य शुरू किया। माइनर नहर के ऊपर सड़क निर्माण कराने से नहर का स्वरूप तो बदला है।नहर की स्थिति भी खराब हो गई है। सड़क की मिट्टी भी नहर में समा गई है। किसानों को तकलीफ है। सड़क निर्माण होने और नहर बाजू में होने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। मामले पर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मामले को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग किया है।

### सांठगांठ के भी आरोप

इस पूरे मामले पर कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र-4 सिहोरा, जिला जबलपुर की भूमिका पूरे तरीके से संदिग्ध है। जिन्होंने निजी स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर स्कूल को सड़क बनाने की इशारे इशारे में अनुमति दे दी। कार्यपालन यंत्री अक्सर विवादों के घेरे में बने रहते है। अब भी कार्यपालन यंत्री ने शासन के नियमों को दरकिनार कर स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर सड़क निर्माण में सहयोग कर दिया। इतना ही कार्यपालन यंत्री ने तो फर्जी अनुमति में महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई है, इसके अलावा अपने ही विभाग के अधिकारियों को भी अवगत नहीं कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि निजी संस्थान को लाभ पहुँचाने की मंशा से कार्यपालन यंत्री ने संस्थान के लोगों से खासा लेनदेन किया और दलेरी से सड़क निर्माण करवा दिया।

मुख्य अभियंता को इसकी जानकारी भी नहीं दिया।ग्रामीणों ने कार्यपालन यंत्री के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों के पास शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास, संभाग क्रमांक 4 सिहोरा अनिल तिवारी का कहना है कि मिट्टी मुरम बिछाने की अनुमति दी गई थी, पक्के निर्माण की नहीं। स्कूल प्रबंधन द्वारा पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तो यह गलत है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बेखौफ हो गए चोर, अब दिनदहाड़े हो रही चोरी की घटनाएं



हरिभूमि न्यूज बरही

थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते चोर बदमाश अब बेफिक्र हो गए है। गुरुवार की दोपहर लगभग 1 बजे से 3 बजे के बीच नगर के वार्ड क्रमांक 11, खितौली रोड स्थित पटवारी प्रतिभा मिश्रा पतिनीरज त्रिपाठी के मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार चोरों ने घर से लगभग 5,000 नगद सहित अन्य कीमती सामान पार कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से मोहल्ले में भय का माहौल बना हुआ है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। परिजन जब शिकायत करने थाना पहुंचे तो पुलिस ने स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए टरका दिया।

गौरतलब है कि बरही क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी बड़ी चोरी का खुलासा नहीं कर सका है। लोगों का कहना है कि जब तक पुलिस की कार्यशैली में सुधार नहीं होगा और गश्त को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसी वारदातें रुकने की उम्मीद नहीं की जा सकती। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बरही थाना में पुलिस स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाए, ताकि आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

### हत्या के मामले में नहीं मिली सफलता

कटनी

के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्नी कॉलोनी में 27, 28 अप्रैल की दरमियानी रात एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस को आज तक सफलता नहीं मिल पाई है। पन्नी कॉलोनी निवासी प्रदीप कोल का विवाद स्थानीय निवासी अन्नू कोल नमक युवक से हुआ। विवाद इस कदर बढ़ा कि अन्नू ने प्रदीप के ऊपर घातक हथियार से हमला कर दिया। दूसरे दिन उसकी लाश मिली थी।

### ग्रामीणों को जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ

**कटनी** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत रुपौंद में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया व सेक्टर परामर्शदाता के सहयोग से जल को सुरक्षित रखने व जल को बचाने के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए प्राथमिक शाला में सभी महिला एवं पुरूषों को एकत्र कर जल को बचाने की जानकारी दी गई। साथ ही सभी को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत बड़वारा सेक्टर परामर्शदाता प्रियंका रजक, एमएसडब्ल्यू छात्रा अनसूया पटेल, मीना विश्वकर्मा, अंजनी पटेल, रामभाई, फूलबाई, ललिता बाई, प्रतिमा बाई, लक्ष्मी पटेल, अर्जुन पटेल, कड़ाही सोनेलाल पंच, सोनेलाल, माया यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बसंती बाई, मुन्नीबाई, पूनम पटेल, ज्योति, मिमिनिया बाई, झिरबतिया, सीमा, सहित अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### आरसी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



चचाई। विगत दिनो सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरसी इंग्लिश मीडियम स्कूल के हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर व जिले को गौरवान्वित किया कक्षा 12वीं में छात्र आदर्श दीवान पिता विज्ञान शंकर दीवान ने 95% अंक अर्जित कर प्रथम रैक के साथ विद्यालय व जिले में स्थान बनाया इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रभांशु तिवारी 76% अंक, विवेक राजभर 71.6 अंक, हरमायनी गुप्ता ने 71.2% अंक, अंशिका पाल ने 65.6% एवं जतिन कुमार यादव भी 65.6 % अंक के साथ विद्यालय में पांचवें स्थान पर रहे ।वहीं हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय की पीहू शर्मा 87 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर आस्था मौर्या 80.6% के साथ द्वितीय स्थान अनन्या रजक 78.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान प्रांजल गुप्ता 76.2% अंक के साथ चौथे व वैष्णवी गुप्ता 73.2% अंक के साथ पांचवें स्थान पर रही।

### कलेक्टर श्रीमती दीपशिखा भगत प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ पदस्थ

अनूपपुर। श्रीमती दीपशिखा भगत, रा.प्र.से. संयुक्त कलेक्टर (आरआर-2017), जिला-अनूपपुर, मध्यप्रदेश की सेवाये चार वर्षों के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर सौंपी जाने की सहमति कार्मिक, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक 749/पी-2242632/2024/दो/एक, दिनांक 20.03.2025 में उल्लेखित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है। जिस पर राज्य शासन द्वारा श्रीमती दीपशिखा भगत की सेवाये चार वर्षों के लिए छत्तीसगढ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर में लेते हुए, अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग (कक्षा-8) मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है।

### जिले में शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिये लगेंगे शिविर

अनूपपुर। जिले में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सेवा पुस्तिका का 02 प्रतियों में नस्ती सहित संधारण किया जाएगा। जिसमें नामिनी दर्ज कराने एवं संयुक्त फोटो सेवा पुस्तिका में लगाने, परिवार सूची अद्यतन करने तथा नियुक्ति क्रमोन्नति, पदोन्नति, योग्यता, समयमान वेतनमान, आधार कार्ड, पैनकार्ड, समग्र आई.डी. अद्यतन करने की कार्यवाही की जाएगी एवं चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश आदि का लेखा संधारण किया जाएगा। शिविर के दौरान क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, वेतन निर्धारण, वसूली निर्धारण से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही पेंशनरों व अन्य के लंबित प्रकरणों से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण तथा 31 मार्च 2025 की स्थिति में समस्त लोक सेवकों का गोपनीय चरित्रावली का संधारण किया जाएगा।

## पवित्र अमरकंटक को अपवित्र करते शराबी, मुख्यमंत्री का निर्देश भी बेअसर

# अमरकंटक की शुचिता पर भारी लड़खड़ाता शराबी

**शराब बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद यहां बदस्तूर जारी है अवैध शराब बिक्री**

**पवित्र नगरी की पवित्रता बरकरार रखने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग**

अपनी पवित्रता व सुचिता के लिए विख्यात पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों कुछ अराजक तत्वों के कारण अपवित्र होते जा रही है जिसमे स्थानीयजनों की प्रभावी भूमिका है जिस कारण जहां एक ओर यहां की पवित्रता की गूंज सुनकर आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को अजीब लग रहा है वही स्थानीय लोगों मे भी अपवित्रता का जहर फैलाया जा रहा है जिससे हर कोई अचंभित है परंतु स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता यूं कहें की सांठ गांठ से यहां अवैध कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी तरीके फल फूल रहा है जिस पर जिला स्तर से ठोस कार्यवाही की अपेक्षा है।

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर/अमरकंटक।





पवित्र नगरी अमरकंटक आज कल अपराधों का गढ़ बनते जा रहा है। एक तरफ अमरकंटक पुलिस दावा करती है कि सब कुछ ठीक चल रहा है पर कैसे ठीक चल रहा है उसकी बानगी यहां देख सकते है। अमरकंटक थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार खूब फल फूल रहा है जो अमरकंटक के लिए ठीक नही है। एक तरफ अमरकंटक को पवित्र नगरी का दर्जा दिया जाता है तो वही दूसरी तरफ अवैध मदिरा पवित्र नगरी को अपवित्र कर रही है। पवित्र नगरी मे अवैध शराब परोसकर कुछ असामाजिक तत्व अपवित्र करने पर आमादा हैं। कभी चोरी-छिपे चलने वाला अवैध शराब कारोबार आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में पवित्र नगरी अमरकंटक मे खुलेआम संचालित हो रहा है। इस कारोबार मे जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है, उससे यही प्रतीत होता है कि खाईवाल को कानून का कोई खौफ नहीं है।

### ...तो यहां दिखावे का प्रतिबंध

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विगत माह प्रदेश के 17 प्रमुख धार्मिक तीर्थस्थलों में देशी एवं अंग्रेजी शराब की बिक्री पर पाबंदी लगा दी है। उक्त पर्यटन एवं तीर्थ स्थल में शराब के ठेके दुकान नहीं खोले गए हैं। चूंकि पवित्र नगरी अमरकंटक मे पहले भी कोई ठेका की शराब दुकान संचालित नहीं थी। राज्य शासन ने पवित्र नगरी अमरकंटक के साथ 16 अन्य स्थलों पर शराब की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन इसके बावजूद भी पवित्र नगरी अमरकंटक में आज भी महुआ की अवैध शराब की बिक्री जहां-तहां खुलेआम बनाकर बेची जा रही है इससे शराबी पियक्कड़ जब तब जहां-तहां शराब के नशे में मदहोश होकर गिरे पड़े देखे जा सकते हैं यहां तक की नर्मदा मंदिर के सामने भी शाम रात में देखे जा सकते हैं।

### जहां तहां मिल जाते शराबी

प्रतिबंध के बावजूद यहां आज भी चोरी छिपे अंग्रेजी अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। इतना ही नहीं कुछ पर्यटक सैलानी भी अंग्रेजी शराब लाकर पीते हैं तथा शराब की बोतल घाट के आसपास पड़ी देखी जा सकती है साथ ही नियमित चलने वाले यात्री बस के कर्मचारी भी बाहर से शराब लाकर रात्रि काल में पीते हैं और उसका कचरा बाहर फेंकते हैं। विगत दिनों नर्मदा मंदिर के सामने भिक्षावृत्ति करने वाले अवैध महुआ की शराब पीकर तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं से गाली गलौज करते तथा अभद्र व्यवहार करते हुए देखे गए भिक्षा से मिला पैसे शराब पीते हैं तथा मंदिर के सामने पड़े सोते हैं।

### पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

अमरकंटक पुलिस शराब किंग के बारे में जानते हुए भी अभय दान दे रही है अगर पूर्व से ही इन शराब माफियाओं पर नकेल कसती तो इस कारोबार का जन्म ही नही होता। अमरकंटक पुलिस सटोरियों व शराब माफियाओं को सह देकर जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक की छवि को भी धूमिल करने मे लगा हुआ है। अमरकंटक के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से अवैध शराब जैसे काले कारोबार से पवित्र नगरी को अपवित्र कर रहे शराब माफियाओं तथा साथ दे रहे वदीर्धारियों पर भी कड़ी कार्यवाही की मांग की है जिससे पवित्र नगरी की पवित्रता बरकरार रहे।

### चाय दुकान की आड़ में बिक रहा अवैध शराब

अमरकंटक में इन दिनों बेखौफ होकर अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। यह सब देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इन लोगों को मानो अवैध शराब बेचने का लाइसेंस दे दिया गया हो, जिससे वे बेखौफ होकर शराब परोस रहे है। कुछ चाय दुकानों में गर्म चाय से अधिक ठंडी चाय बिक रही है। यदि समय-समय पर पुलिस द्वारा क्षेत्र भर में संचालित चाय दुकान, पान ठेले, किराना दुकान, सैलून व ढाबो में दबिश दी जाए, तो इन अवैध कारोबार पर अंकुश लग सकता है।

### पवित्रता बरकरार रखने की मांग

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में अवैध रूप से बनाई जाने वाली महुआ की हाथ से बनी शराब की बिक्री तथा चोरी छिपे अंग्रेजी शराब की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग अमरकंटक नगर के नागरिकों तथा आने वाले भक्त श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों, सैलानियों ने आबकारी विभाग पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन से की है। क्या जिला प्रशासन अनूपपुर आबकारी विभाग एवं स्थानीय प्रशासन इस दिशा में गंभीर होकर अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती से कार्यवाही कर रोक लगा पाएंगे। या फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आदेश भी बेअसर होगा। देखना होगा प्रशासन कब तक समुचित कार्यवाही करता है।

## शराब पीने के बाद घटित हुई घटना, संदेहियों से पूछताछ कर पुलिस ने शुरू की जांच

# शराबी ने ली शराबी दोस्त की जान

**हत्या के दोषियों को गिरफ्तार करने व ढाबे को बंद कार्यवाही की मांग को लेकर 2 घंटे तक हाईवे जाम**

**एसडीएम एवं एसडीओपी ने दिया कार्यवाही का आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज, कोतमा।





शुक्रवार की दोपहर हाईवे के समीप संचालित ढाबे में शराब पीने के दौरान उपजे विवाद के बाद मारपीट किए जाने से बुढ़ानपुर निवासी हंसराज महरा 48 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। शरीर में जगह जगह आई चोट के निशान के बाद आक्रोशित परिजनों के द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए शनिवार को दोपहर 2 घंटे तक शव को हाइवे में रखकर जाम कर दिया। हत्यारो की गिरफ्तारी एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पर एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह सहित भालूमाडा, बिजरी, यातायात हाईवे प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी पहुंच गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार को हंसराज महरा एवं तीन लोग हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे में बैठकर जमकर शराब पिए थे। उसी दौरान मारपीट की भी घटना हुई थी। मारपीट के कुछ देर बाद हंसराज का शव पाया गया।

### आरोपियों की गिरफ्तारी एवं ढाबा पर कार्यवाही की मांग

2 घंटे तक चले जाम एवं प्रदर्शन के दौरान मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों द्वारा हत्या के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने एवं अपराध का पर्याय बन चुके ढाबे को बंद कराते हुए कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। एसडीएम एवं एसडीओपी द्वारा जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अवैध ढाबो पर कार्यवाही का भरोसे दिलाए जाने के बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस के द्वारा मामले से जुड़े दो संदेहियों को अभिरक्षा में ले लिया गया है वहीं घटनास्थल ढाबा के संचालक एवं कर्मचारियों को भी उठाते से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार हाईवे किनारे संचालक उक्त ढाबा में आधी रात तक शराब परोसी जाती है एवं अपराधियों का जमघट लगता है।

### ढाबा में पड़ा छापा हुआ सील

शुक्रवार की दोपहर खुलेआम ढाबे में हुई शराबखोरी के बाद हुए विवाद पर मारपीट की घटना के बाद ढाबा से कुछ दूर मिले हंसराज की लाश के बाद शनिवार को एसडीओपी आरती आरती शाक्य की टीम द्वारा ढाबा में छापेमारी कर सील कर दिया। मृतक के द्वारा मारपीट से घायल अवस्था में ही ढाबे से अपने बेटे को फोन कर जान बचाने की गुहार लगाई गई थी इसके कुछ देर बाद ही उसका शव संदिग्ध हालत में पाया गया जिसके शरीर में विभिन्न जगहों पर चोट के निशान रहे।

### इनका कहना है

मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। मामले से जुड़े कई संदेहियों को पकड़ पूछताछ जारी है। ढाबे पर सर्चिंग कर सील किया गया है।

**आरती शाक्य**
**एसडीओपी कोतमा**

## लहसुना, गोविंदा जमुना में काटे गए लगभग 6 सौ अवैध कनेक्शन

**प्रबंधन की सक्रियता से अवैध विद्युत कनेक्शनधारियों में हड़कंप**



जमुना/बदरा। एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र के लहसुन गोविंदा जमुना में 16 मई 2025 को चंदेश्वर दयाल एस ओ ई एंडीम विद्युत यांत्रिक विभाग के नेतृत्व में जमुना कोतमा क्षेत्र में लगभग 6 सौ अवैध विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप मच गया 16 मई 2025 को महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देशानुसार चंदेश्वर दयाल अपनी टीम में सुधीर कुमार इंजीनियर मारकंडेय सिंह सुरक्षा प्रभारी प्रदीप शर्मा सुपरवाइजर हरजेश शर्मा सुपरवाइजर राम बहोरी इलेक्ट्रीशियन राम भजन हेल्पर संतोष बर्मा ड्राइवर मुन्नी बाई भारद्वाज चौधरी सुरेंद्र चतुर्वेदी अरुण सिंह भारत त्यागी नरेश कोटागले देवेंद्र सिंह अनूप जायसवाल मुन्नू अनवर अली रामाधार भोला केवट गुड्डा व इलेक्ट्रीशियन विद्युत विभाग जमुना कोतमा क्षेत्र के द्वारा टाउनशिप में अवैध कनेक्शन काटा गया जिसमें लगभग 1 मेटाडोर तार एकत्र करके मुख्यालय के स्टोर में जमा किया गया ज्ञात हो कि अवैध विद्युत कनेक्शन रहने से कालरी प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था इसलिए एसईसीएल प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। मारकंडेय सिंह एरिया सुरक्षा प्रभारी ने बताया कि जमुना कोतमा क्षेत्र में जितने भी अवैध कनेक्शन काटे गए हैं अगर उसे पुनः जोड़ा जाता है तो अगली बार पुलिस को लेकर जाया जाएगा और कनेक्शनधारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व लगभग 15 सौ व 1 हजार अवैध कनेक्शन काटे गए थे लेकिन अवैध कनेक्शनधारी बाज नहीं आ रहे हैं और पुनः जोड़ ले रहे हैं।

# पत्रकार न्याय यात्रा का अनूपपुर में स्वागत कर दिया गया समर्थन

**पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने को लेकर बालाघाट के 7 पत्रकारों ने निकाली न्याय यात्रा**

अनूपपुर।



पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग को लेकर 15 मई को बालाघाट से निकली पत्रकार न्याय यात्रा 16 मई को अनूपपुर पहुंची। जहां राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा इंदिरा तिराहा स्थित रेस्ट हाउस में पत्रकार न्याय यात्रा का स्वागत करते हुए बैठक आयोजित कर उन्हे अपना पूर्ण समर्थन दिया गया। पत्रकार न्याय यात्रा के संयोजक हिमांशु जैन ने बताया कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग को लेकर इस न्याय यात्रा को निकाला गया है, जो 11 जिलों के पत्रकारों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में हस्ताक्षर कराने के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समर्थन पत्र लेकर आगे बढ़ती जायेगी और अंत में भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौंप कर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग रखी जायेगी। पत्रकार न्याय यात्रा की मांग को लेकर बालाघाट से निकले 6 पत्रकारों जिनमें हिमांशु जैन, आशीष भगत, विजय मिश्रा, मिलिंद्र ठाकरे, अंकुश चौहान सहित रोहित नायडू प्रदेश के 11 जिलों यात्रा करते हुए वहां के पत्रकारों से मिलकर पत्रकार हित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनका समर्थन प्राप्त कर मुख्यमंत्री से भेंट कर पत्रकार सुरक्षा कानून की जल्द से जल्द लागू किये जाने की मांगों का रखा जाएगा। जिससे समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके और पत्रकार निर्भिक होकर स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता कर सके। उन्होने बताया कि पत्रकार न्याय यात्रा का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा है, जिसमें पुलिस मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक पु.मु./शिका./ रामाअआ 6462, दिनांक 12 दिसम्बर 2017 के अनुसार पत्रकारों के विरूद्ध कायम किये गए प्रकरणों के संबंध में यह निर्णय लिया था कि यदि किसी भी चाहे वह अभिस्वीकृत पत्र प्रतिनिधि या संवाददाता हो के विरूद्ध कोई भी प्रकरण पंजीबद्ध किया जाता है तो उन प्रकरणों के चालान किये जाने के पूर्व प्रकरणों पर उपलब्ध साक्ष्य की समीक्षा संबंधित पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक करे और स्वयं को आश्वस्त कर ले। कोई भी प्रकरण दुर्भावनावश कायम किया जाना पाया गया है तो तत्काल उनको समाप्त करने के निर्देश जावे और संबंधित पुलिस अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावे। बगैर समीक्षा किये हुए प्रकरण का चालान न्यायालय में प्रस्तुत ना किया जावे। प्रत्येक तिमाही में क्षेत्रीय उप पुलिस महानिरीक्षक इस प्रकार के प्रकरणों की समीक्षा उपरांत पुलिस महानिरीक्षक शिकायत को सूचना भेजेंगे। तदोपरांत प्रकरण की समीक्षा उपरांत पुलिस महानिर्देशक को प्रस्तुत किया जाएगा। परंतु इस पत्र का मध्यप्रदेश के किसी भी जिले में पालन नही हो रहा है, जिस पर पुलिस महानिदेशक के माध्यम से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निश्चित रूप से पालन करने के लिए निर्देशित किया जाये। इसके साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश, संभाग, जिला एवं तहसील स्तर पर पत्रकारों की सूची तैयार करके सभी पुलिस थानों एवं शासकीय कार्यालयों में उपलब्ध कराया जाने जैसी व्यवस्था बनायें। पत्रकार न्याय यात्रा का स्वागत करते हुए अपना समर्थन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा, जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी, अनूपपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिगम्बर शर्मा, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी सहित प्रकाश तिवारी, नीरज द्विवेदी, सच्चिदानंद पांडेय, आशीष तिवारी सहित दर्जन भर से ज्यादा पत्रकार उपस्थित रहे।

## न्यायधीशों ने आयोजित कराया पैरालीगल वालेंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर में हुआ आयोजन**

अनूपपुर।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के तत्वाधान में 15 मई को संस्कार विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपपुर मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा एक दिवसीय पैरालीगल वालेंटियर हेतु कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ वही इसी क्रम मे न्यायधीश नरेन्द्र पटेल द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायधीश, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, श्रीमती सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बृजेश पटेल जिला विधिक सेवा सहायता अधिकारी, श्रीमती सुधा शर्मा सदस्य उपभोक्ता फोरम अनूपपुर, एवं संतदास नापित चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल उपस्थित रहे। जनता तक त्वरित न्याय पहुंच सके और जनता के छोटे छोटे झगड़े प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटाया जा सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैरालीगल वालेंटियर हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण संस्कार विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपपुर मे संपन्न हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश श्रीमती माया विश्वलाल द्वारा पैरालीगल वालेंटियर को उनके कार्य अधिकार व कर्त्तव्यों से अवगत कराया गया। संस्कार विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व से संचालित LL.B. व LL.M. कक्षाओं की बहुत सराहना किये व इस सत्र से 2025-26 से प्रारंभ BA.LL.B (Hons) के लिए शुभकामनाएं दिये। प्रशिक्षण में संचालक नवोद चपरा, प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार पाण्डेय, महाविद्यालय के अन्य सदस्यगण श्रीमती सरिता चौरसिया, विद्यासागर माझी, रवीन्द्र कुमार यादव, राम कुमार पारस, राम नरेश केवट, लखन लाल केवट, रवि कुमार केवट, सुनील कुशवाहा कमलेश कहार, श्रीमती श्याम बाई एवं विकास राणे उपस्थित रहे।

